

## एक नजर में

### एसडीएम,डिप्टी कलेक्टर,नगर पुलिस अधीक्षक एवं थानों के थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में की गई फुट पेट्रोलिंग

**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी,निर्देशन में आज दिनांक 08/08/2025 को एसडीएम अजमेर सिंह गोंड,डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ,थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी,थाना प्रभारी शिकारपुरा कमल पवार ,ट्रैफिक सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर एवं स्टाफ के साथ त्योहारों के चलते क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे । किसी भी प्रकार को कानून व्यवस्था न बिगड़े। सांप्रदायिक स्थिति निर्मित न हो। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुख्य मार्केट भीड़भाड़ वाले इलाकों में की जा रही है फुट पेट्रोलिंग नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारीयो को सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों को वितरित की कॉपियां



**नेपानगर।** स्थानीय कन्या माध्यमिक और प्राथमिक शाला में शुक्रवार को सावित्रीबाई फुले फाउंडेशन की ओर से कुल 214 विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपियों का वितरण किया गया। फाउंडेशन की ओर से कन्या शाला के विद्यार्थियों को छह छह और प्रायमिक स्कूल के विद्यार्थियों को चार चार कॉपियों का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ भरत काटकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर,सावित्रीबाई फुले फाउंडेशन की अध्यक्ष सिंधु काटकर, सचिव गायत्री पाटील, वर्षा चौहान, लक्ष्मी सावलकर,अनीता तायडे,प्रीति ठाकुर,लीना वानखेड़े, पुष्पा सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता हुई

**नेपानगर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शुक्रवार हर घर तिरंगा रंगोली स्पर्धा का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ मनीषा साकले ने बताया हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में काफी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की।



रंगोली प्रतियोगिता प्रभारी कविता सेठी ने बताया छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से तिरंगे के महत्व को प्रदर्शित किया। जागृति अग्रवाल, नेहा इंगले उपस्थित रहे। एनएसएस प्रभारी डॉ संजीव कुमार सपकाले ने बताया एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में घर घर जाकर रहवासियों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराने स्वच्छता रखने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

### खकनार पुलिस की अपील : हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नही, घर वालों से दोबारा मिलने के लिए पहनिये




**बुरहानपुर।** थाना खकनार पुलिस व्दारा रक्षा बंधन के पावन अवसर पर मोटर सायकल चालको को यातायात निमयो की जानकारी देकर निशुल्क हेलमेट प्रदान किये गये । पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी व्दारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन अति.पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्ग दर्शन में प्रभारी खकनार निरीक्षक अभिषेक जाधव व्दारा आज दिनांक08/08/2025 को रक्षाबंधन त्यौहार के पावन अवसर पर लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करते हुये मोटर सायकल चालको को राखी बांधकर हेलमेट पहनने हेतु प्रतिबद्ध किया गया ।इस अवसर पर कृष्णा साई होंडा न्यू मोटर्स खकनार व्दारा चालको को निशुल्क हेलमेट प्रदान किये गये । थाना प्रभारी खकनार व्दारा आम जन से अपील की गई कीश। इस रक्षाबंधन बहने अपने भाईयो को एक हेलमेट जरूर दे और सभी बहने अपने भाईयो से हेलमेट पहनकर मोटर सायकल चलाने का वचन ले और साथ ही उनसे सभी तरह की बुराईयो एवं नशीले पदार्थो के सेवन से दुर रहने का संकल्प ले ।

### रंगोली बनाकर दिया देशभक्ति का संदेश , हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत स्व .सहायता समूह की पहल

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर नगर पालिका की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने हर घर तिरंगाए हर घर स्वच्छता अभियान के तहत रंगोली बनाकर देशभक्ति का संदेश दिया।



शुक्रवार सुबह कमल टॉकीज तिराहे पर महिलाओं ने सुंदर रंगोली उकेरी। मध्य प्रदेश के सभी जिलों में ष्हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव,स्वच्छता के संग अभियान पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ये अभियान तिरंगे के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देगा।साथ ही स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को भी जोड़ेगा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। यह लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ.साथ राष्ट्रप्रेम और सम्मान को बढ़ावा देगा।

**कमल टॉकीज तिराहे पर रंगोली बनाकर फैलाई जागरूकता :–** समूह की कल्पना तिवारी ने बताया कि इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह नगर पालिका स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कमल टॉकीज तिराहे पर रंगोली बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिलेभर में इसी तरह के आयोजन किए जा रहे हैं।स्कूल और कॉलेज में भी जागरूकता कार्यशाला और अन्य अभियान चलाए जा रहे हैं।

# सेवानिवृत्त शिक्षक के घर जहर खुरानी कर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पकडे गये आरोपी का नाम :- रविन्द्र सिंह चौहान उर्फ दिलीप सिंह चौहान पिता इन्द्रजीत चौहान उम्र 36 साल निवासी मुसमरिया थाना चूरखी जिला जालौन उत्तर प्रदेश।**





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** घटना दिनांक 15-16/05/25 रात्रि में घटित घटना के संबध में घटना दिंनाक को मृतक के घर इंदिरा कॉलोनी में सुंदरकांड चल रहा था जहाँ उपस्थित रश्मि श्रीवास्तव, श्याम ठाकुर, मनिष सरोज, महेश जोशी ,शकंरलाल सोनी, प्रीती राठौर एवं अन्य के द्वारा सुन्दरकांड एवं भजन किया जा रहा था। जहाँ इन लोगो के अलावा श्याम ठाकुर के साथ आये उसके परिचित रविन्द्र सिंह चौहान भी मौजूद था । सुंदरकांड पूर्ण होने के पश्चात सभी का घर से चले जाना व मृतक के घर में मृतक व उसकी पत्नी के अलावा श्याम ठाकुर के साथ आये उसके परिचित रविन्द्र सिंह चौहान रुका था तथा दिंनाक 16/05/25 को राकेश श्रीवास्तव के मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई उक्त सूचना पर पुलिस कार्यवाही करते हुये मर्ग क्रमांक 16/25 कायम कर जाँच मे लिया गया। जाँच के दौरान मृतक राकेश श्रीवास्तव की पुत्रियों के बुरहानपुर आने पर उनके द्वारा दिये गये कथनों में घटना संदिग्ध होना बताने व मां रश्मि श्रीवास्तव के हाथ से दो सोने की अंगुठिया व गले का मंगलसूत्र व कैमरे का डीण्वीण्आरण् व पिता का मोबाईल फोन गायब होना व पिता व माता के कोई जहरीली ध्नशीलीध् संदिग्ध वस्तु खिलाने या पिलाने के कारण मां रश्मि श्रीवास्तव का होश में न होना व पिता की मृत्यु घर में होना बताया। संदिग्ध की तलाश करने हेतु टीम का गठन किया गया ।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही:–** पुलिस अधीक्षक , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन में मर्ग जाँच के दौरान टीम गठित कर निम्न बिंदुओ पर कार्यवाही कर अपराध पंजीबध्द किया गया है। एंव दिनांक 15/05/25 की शाम को मृतक राकेश श्रीवास्तव के घर में सुंदरकाण्ड का आयोजन रखा गया था जिसमें श्याम ठाकुर के साथ में कोई उनका रिश्तेदार आया था जो रात को मृतक के घर में ही रुका था मृतक के परिवार एवं आसपास के लोगों के द्वारा उनके घर में रात में रोकने वाले व्यक्ति पर घर से सामान गायब करने एवं घटना को अंजाम देने का संदेह जताया पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में ।जहर खुरानी कर चोरी की वारदात के इस गंभीर मामले के खुलासे में साइबर सेल टीम की भूमिका सराहनीय रही। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर साइबर टीम ने आरोपी की पहचान में महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर थाना लालबाग पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में बड़ी मदद मिली। इस समन्वित प्रयास से आरोपी की गिरफ्तारी संभव हुई।

घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज देखते रविन्द्र सिंह चौहान सिंधी बस्ती चौराहे पर व स्टेशन पर कंधे पर एक शोल्डर बैग लटकाये व हाथ में एक थैली लेकर जाता दिखा जिसके संबध में श्याम ठाकुर से पुछते उसके व्दारा रविन्द्र सिंह का भुसावल से उनके यहा आने से लेकर मृतक के घर मे छोडने तक रविन्द्र सिंह के पास केवल एक शोल्डर बैग होना बताया जिसके पश्चात भुसावल में रेल्वे स्टेशन के आसपास के होटलो में चैक कराते एक होटल में रविन्द्र सिंह चौहान का एक शोल्डर बैग के साथ आना व रात रुकना तथा होटल में रविन्द्र सिंह चौहान के व्दारा अलग नाम दिलीप सिंह निवासी ओरई के नाम से इंट्री करना पाया गया ।उनि कमलदीप से उनके अपराध में गिरफ्तारी के समय लिया गया फोटो प्राप्त कर शंकरलाल सोनी को दिखाते प्राप्त फोटो वाला व्यक्ति ही रविन्द्र चौहान होना बताने से यह स्पष्ट हुआ की संदेही रविन्द्र सिंह चौहान का असल नाम दिलीप सिंह चौहान पिता इन्द्रजीत चौहान उम्र 36 साल निवासी ग्राम मुसमरिया थाना चुरखी जनपद जालौन उत्तर प्रदेश का होना पाया गया जिसके द्वारा अपनी पहचान छूपाकर व स्वंय को पुलिस कर्मी होकर भोपाल में ड्युटी करना बताया जाकर मृतक के साथ छल कर मृतक राकेश श्रीवास्तव व उसकी पत्नि रश्मि श्रीवास्तव को जहरीला/ नशीला / संदिग्ध पदार्थ खिलाकर बेहोश कर घटना को अंजाम दिया था।

बुरहानपुर पुलिस द्वारा संदेही दिलीप सिंह चौहान की तलाश स्थानीय पुलिस को साथ लेकर ग्राम मुसमरिया में स्थित उसके निवास पर करते नंही मिलना व दिलीप सिंह का बदमाश प्रवृति का होना पाया व आरोपी द्वारा भुसावल के होटल में दिलीप सिंह के व्दारा रजिस्टर में आधार नंबर व मोबाईल नंबर भी गलत इंद्राज कराना पाया गया जिससे संदेही व्यक्ति रविन्द्र सिंह चौहान उर्फ दिलीप सिंह चौहान पिता इन्द्रजीत चौहान उम्र 36 साल निवासी मुसमरिया थाना चूरखी जिला जालौन उत्तर प्रदेश के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया आरोपी रविन्द्र सिंह चौहान उर्फदिलीप सिंह चौहान को बुरहानपुर पुलिस द्वारा ग्राम उरई जालौन उत्तर प्रदेश से अभिरक्षा में लिया गया जिसके द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना कबूल किया गया।

**सराहनीय भूमिका:–** सीएसपी गौरव पाटील,निरीक्षक अमित सिंह जादौन, उनि महेन्द्र सिंह उईके, प्र.आर.विक्रम चौहान, राजुकमार फागना,आरक्षक दिपांशु ,वीर सिंह , दीपक , नितेश सपकाडे , दुर्गेश पटेल , महेश प्रजापति की भूमिका रही।

## सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में ट्रायम्फल आर्च एकेडमी के श्रेयस वड़दकर ने जीता रजत पदक




**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** जिले की सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था ट्रायम्फल आर्च एकेडमी के विद्यार्थी श्रेयश वड़दकर ने सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में गोला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। संस्था चेयरमैन कमलेश पटेल ने बताया कि श्रेयस ने संस्था ही नहीं अपितु जिले का नाम रोशन किया हैं। श्री पटेल ने बताया कि सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में 100 से अधिक सीबीएसई स्कूलों की भागीदारी थी इतने बड़े स्तर के आयोजन में शाला का परचम लहराना अत्यंत ही गर्व का विषय है एवं यह उपलब्धि श्रेयस एवं शाला के खेल शिक्षकों के अथक परिश्रम का परिणाम है। संस्था सचिव श्रीमति नम्रता पटेल ने बताया कि शाला के हॉस्टल में अध्यनरत श्रेयस ने शाला के पश्चात शाम में खेल शिक्षकों के विशेष मार्गदर्शन में तैयारी की एवं ब्सीबीएससी क्लस्टर गेम्स में गोला फेंक प्रतियोगिता आयु वर्ग 14 वर्ष में रजत पदक हासिल किया हैं एवं वाराणसी में आयोजित अगले सीबीएसई राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता हेतु चयनित हुआ हैं।

संस्था प्राचार्य डॉ मनुभाई पटेल ने बताया कि संस्था सदैव खेल में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को शाला, जिला, संभाग, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने हेतु प्रयत्नरत रहती हैं। इस वर्ष शतरंज,फु टबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट,डॉचबॉल,भारतीय खेल लगोरी में भी शाला के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता ओं हेतु चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि पर शाला के खेल शिक्षक भगवान महाजन,नितिन खोसे, सूचिका दानेवाले एवं सभी शिक्षकों ने श्रेयस को बधाई दी।

## जांच हेतु विभिन्न खाद्य पदार्थो का नमूना लिया

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाली दुकानों का सतत् रूप से निरीक्षण एवं जांच की जा रही है। वहीं अनियमित पाए जाने पर उन्हें सूचना पत्र जारी कर नमूने लेने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जांच दल द्वारा जिले की विभिन्न दुकानों जिनमें ट्रैफिक जाम होटल नेपानगर से पनीरए मोतीचूर लड्डू तथा नमकीन का नमूना लिया गया। वहीं जय हिंद होटल नेपानगर से मावा पेड़ा तथा नमकीन, न्यू सांईनाथ किराना नेपानगर से रवा,गुरुकृपा स्वीट्स लालबाग से मावा पेड़ा व नमकीन, मां भगवती मार्ट बुरहानपुर से सोनपापड़ी व गुलाबजामुन, सुपर बुरहानपुर जलेबी मंडी बाजार से दराबा व नमकीन, कुंदन स्वीट्स इंदिरा कॉलोनी से मिठाई एवं नमकीन तथा विनोद डेयरी से दूध का नमूना लिया गया।



## हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ भाजपा युवा नेता पाटील हुए शामिल




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवाह्न पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिले में 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शासकीय उच्च.मा. विद्यालय ग्राम लोनी से हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ। सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। तिरंगा यात्रा में भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी सहित विद्यार्थी शामिल हुए।

भाजपा नेता गजेन्द्र पाटील ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहां की अभियान से जुड़कर फिर एक बार इतिहास बनाएं। 15 अगस्त पर अपने.अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं व श्हर घर तिरंगाश् अभियान का हिस्सा बनें। इस दौरान अपर कलेक्टर वीर सिंह चौहान , जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन ,मनोज महाजन ,मनोज टंडन , विनोद कोली , हेमंत पाटिल , जनपद सीईओ दुर्गेश भूमकर ,ओम महाजन,शैलेंद्र हजारी सहित समस्त अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

## छह विद्यार्थी टाटा बिल्डिंग इंडिया निबंध प्रतियोगिता में चयनित

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** सेवा सदन हायर सेकण्डरी स्कूल में टीसीएस (टाटा कन्सलटेंसी सर्विस एवं टाटा क्लासेस लिमिटेड) द्वारा टाटा बिल्डींग इंडिया के अंतर्गत क्षैत्रीय स्तरीय स्कूल निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जुनियर कक्षा के तीन विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय क्रमषः मयुरी जैसवाल, रूही हुसैन, हर्ष अर्टानी एवं सिनीयर कक्षा के तीन विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः हुमेरा नूर अंसारी, मीतांषी सूर्यवंषी, गौरी फेंगडे ने प्राप्त किया। चयनीत विद्यार्थीयों को सेवा सदन शिक्षा समिति की यषस्वी अध्यक्षा श्रीमती तारिका विरेन्द्रसिंह ने सर्टीफिकेट एवं मेडल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संस्था में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक टेक्नॉलॉजी टाटा क्लासेस के माध्यम से स्मार्ट क्लास द्वारा पढाया जा रहा है एवं प्रतियोगिता के माध्यम से उनमें छुपी प्रतिभा को निखारने का काम कर रहे है। प्रतियोगिता को टाटा क्लासेस लिमिटेड के मैनेजर सचिन मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के सचिव हसमुखलाल जरीवाला , मैनेजर मनीष पटेल, सेवा सदन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, प्राचार्य डॉ. हर्षद दीक्षित, जीएनटी स्कूल की प्रधानाध्यापीका श्रीमती नेहा चौधरी एवं प्रतियोगिता प्रभारी शिक्षक धमेन्द्र कुषवाह एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे, सभी ने विद्यार्थीयों को बधाई दी।



## सांसद कार्यालय पर छड़ी धर्म ध्वज ,निशान के पूजन में 10 अगस्त को, सांसद सहित जनप्रतिनिधिगण रहेंगे मौजूद



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** वाल्मीकि समाज के इष्ट देव श्री जाहरवीर गोगा देव जी महाराज की छड़ी धर्म ध्वज ,निशान के पूजन का धार्मिक आयोजन अमरावती रोड स्थित सांसद कार्यालय में होगा । रविवार 10 अगस्त को सुबह 9 बजे होने वाले इस आयोजन में खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील सम्मिलित रहेंगे। कार्यक्रम के लिए भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने सभी छड़ियों के भगत जी, उस्ताद जी सहित पूरे दल को घर.घर जाकर आमंत्रित किया तथा जाहरवीर गोगा देव जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भजन व महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया है। आमंत्रण देने के दौरान गजेंद्र पाटिल के साथ विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी,पार्षदगण, जनप्रतिनिधि सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान : शाहपुर नगर की महिलाओं ने कपड़े से बनाई तिरंगा थैलिया




**नवभारत न्यूज, शाहपुर ।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के बीच नगर परिषद शाहपुर में श्हर घर तिरंगा दृ हर घर स्वच्छताश् अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार यहां स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए कपड़े से तिरंगा थैलियाँ तैयार की हैं।

यह थैलिया श्रीमती निशा मनोज हनौते,श्रीमती माधुरी संतोष महाजन, श्रीमती सविता हेमंत आखरे,श्रीमती दीपाली प्रकाश मताड़े,श्रीमती रेखा किशोर सुरडकर, हाजरा बी शे. सत्तार, श्रीमती सरला गोकुल दुबे द्वारा बनाई गयी!

ये थैलियाँ न केवल पर्यावरण मित्र हैं,बल्कि इन पर छपे स्वच्छता के संदेश लोगों को स्वच्छ भारत की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक जारी रहेगा,जिसके अंतर्गत नगर परिषद द्वारा कई रचनात्मक और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस विशेष अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी,उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी,उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी, विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान,सामुदायिक संघठिका भारती महाजन एवं अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा यह पहल न केवल महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक प्रेरणा है,बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान ने बताया कि इस अभियान के तहत जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जा रही है। महिलाएं तिरंगा बनाने के साथ.साथ समाज में स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त के महत्व को भी रेखांकित कर रही हैं।

यह पहल न सिर्फ़स्वतंत्रता दिवस को एक नया आयाम दे रही है,बल्कि ष्स्वच्छ भारतष् के संकल्प को भी सशक्त बना रही है। शाहपुर की यह मुहिम निश्चित ही अन्य नगरों के लिए मिसाल बन सकती है।

**ई .कचरा वाहन मामला** ▶ **फिर उठे सवाल . इलेक्ट्रिक कचरा वाहन कबाड़, दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

# डीजल बचाने के लिए नपा ने खरीदे थे इलेक्ट्रिक कचरा वाहन,नपा उपाध्यक्ष ने की शिकायत



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** डीजल की बचत कर नपा को आर्थिक रूप से नुकसान से बचाने के लिए इलेक्ट्रिक कचरा वाहन जरूर खरीदे गए,लेकिन इसका एक साल से कोई उपयोग नहीं हो रहा है। इस खरीदी पर शुरू से ही सवाल उठते आए हैं। एक बार पहले भी नपा उपाध्यक्ष ने सरला प्रवीण काटकर ने इसे लेकर सवाल खड़े किए थे तो वहीं अब सीधे नगरीय प्रशासन विभाग आयुक्त भोपाल को ही इसकी शिकायत कर दी गई है। जांच कर कार्रवाई की मांग की गई।

गौरतलब है कि वर्तमान में नेपानगर में कचरा संग्रहण पुराने वाहनों से ही हो रहा है जबकि लाखों की लागत से ई.कचरा वाहन खरीदे गए थे। इसकी खरीदी में गड़बड़ी की लगातार शिकायतें सामने आती रही है। अब एक बार फिर से जांच की मांग उठाई गई है।

**पत्र लिखकर की जांच, कार्रवाई की मांग:–** नपा उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर ने नगरीय प्रशासन विभाग आयुक्त भोपाल को लिखे पत्र में कहा.नगर पालिका परिषद नेपानगर व्दारा शासन से प्राप्त अनुदान राशि से शासन व्दारा निकाय को इलेक्ट्रिक कचरा वाहनए वेक्यूम पंच मय ट्रेक्टर के निकाय व्दारा कय किया गया था। शासन की मंशा अनुसार इलेक्ट्रिक कचरा वाहन से वार्डों से कचरा एकत्र कर डंपिंग यार्ड पर कचरा पहुंचाने में व्यय होने वाले डीजल की बचत की जा सके इस मंशा से वाहन क्रय किये गये थे। लेकिन यह कचरा वाहन क्रय करने के पश्चात मात्र एक से डेढ़ माह के भीतर कचरा वाहनों से कचरा एकत्र किये जाने का कार्य बंद किया गया। जब जानकारी प्राप्त की गई तो वाहन प्रभारी व्दारा बताया गया कि 05 इलेक्ट्रिक में से दो कचरा वाहन क्षति ग्रस्त हो चुके है। अन्य तीन चलने योग्य नही है। ऐसी स्थिति में कचरा वाहन सप्लायर व्दारा उक्त वाहनों की एक वर्ष की ग्यारंटी वारंटी दी जाती है। साथ ही उक्त वाहनों का बीमा भी किया जाता है। निकाय व्दारा नियमों को ताक पर रखकर प्रक्रिया पूर्ण किये बिना वाहन कय किये गये। वाहन सपलायर को नियमों को ताक पर रखते हुए वाहनों का भुगतान किया गया।

सभी पांचों वाहन क्षतिग्रस्त होकर डंपिंग यार्ड में बंद पड़े हैं। यदि इन वाहनों से निकाय व्दारा कचरा संग्रहण का कार्य किया जाता तो निकाय को प्रतिमाह डीजल पर व्यय की राशि कम होती जिससे निकाय पर होने वाले डीजल खर्च आधे से भी कम राशि का भार वहन नही करना पड़ता। इसलए निकाय व्दारा कय किये गये इलेक्ट्रिक कचरा वाहन के दोषी अधिकारीए कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### तत्कालीन सीएमओ ने कम किए थे रेट

पहले इन वाहनों की खरीदी की राशि काफी अधिक थी तब तत्कालीन सीएमओ ने भुगतान के सामय इसकी राशि कम कराई थी,लेकिन न तो तत्कालीन सीएमओ ने जांच की न ही बाद में इसकी कोई जांच हुई। इसलिए अब इस मामले की शिकायत की गई है।